SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

# चाइल्ड सपोर्ट

## चाइल्ड सपोर्ट क्या है?

यदि दो माता-पिता अलग होने या तलाक लेने का निर्णय लेते हैं तो एक माता या पिता को अपने बच्चों को आर्थिक रूप से सहायता करने के लिए भुगतान करना होगा। इसे चाइल्ड सपोर्ट कहा जाता है।

जब आप अपने पति या पत्नी या कॉमन-लॉ पार्टनर से अलग हो जाते हैं तो चाइल्ड सपोर्ट दायित्व तुरंत शुरू हो जाते हैं।

चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान आमतौर  पर बच्चे के साथ कम से कम समय बिताने वाले माता या पिता (भुगतानकर्ता) द्वारा उस माता या पिता को किया जाता है जो ज्यादातर समय बच्चे की देखभाल करता है। ऐसे मामलों में जहां दोनों माता-पिता बच्चे के साथ समान समय बिताते हैं, उच्च आय वाले माता-पिता को  चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करना पड़ सकता है। दोनों माता-पिता आर्थिक रूप से बच्चों की सहायता करने के लिए कानूनी रूप से जिम्मेदार हैं।

अदालत आमतौर पर माता या पिता को चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करने का आदेश देगी, भले ही दोनों माता-पिता सहमत हों कि कोई चाइल्ड सपोर्ट भुगतान आवश्यक नहीं है।

## चाइल्ड सपोर्ट का उद्देश्य:

• बच्चे की देखभाल की लागत



## चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान कौन करता है?

- माता या पिता
- जन्म ना देने वाले माता या पिता
- गोद लेने वाले माता या पिता
- सौतेले माता या पिता (यदि अदालत का मानना है कि सौतेले माता या पिता का बच्चे के साथ माता या पिता के समान संबंध है)

चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करने की आवश्यकता होने के लिए आपको विवाहित होने की ज़रूरत नहीं है।

कानून के तहत चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करना नितांत आवश्यक है। यदि आप अपने बच्चे के साथ नहीं रहते हैं या उस से मिलते नहीं हैं तो भी आपको इसका भुगतान करना होगा।

## मुझे कितनी चाइल्ड सपोर्ट मिलेगी?

### आपको मिलने वाली राशि इन पर आधारित होगी:

- चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करने वाले माता या पिता की आय और
- वे कितने बच्चों की देखभाल कर रहे हैं

चाइल्ड सपोर्ट की राशि की गणना के लिए नियम हैं। अधिकांश लोगों के लिए चाइल्ड सपोर्ट की गणना फेडरल चाइल्ड सपोर्ट दिशानिर्देशों (उन जोड़ों के लिए जो विवाहित हैं और तलाक की मांग कर रहे हैं, यदि दोनों माता-पिता मैनिटोबा, क्यूबेक और न्यू ब्रंसविक में नहीं रहते हैं) या प्रांतीय या क्षेत्रीय दिशानिर्देशों (ऐसे जोड़े जिन्होंने कभी शादी नहीं की या जो विवाहित हैं लेकिन अलग होने और तलाक न लेने का फैसला किया है) का उपयोग करके की जाती है। दिशानिर्देशों में टेबल हैं जहाँ आप यह पता लगा सकते हैं कि भुगतानकर्ता की सकल वार्षिक आय और आपके बच्चों की संख्या के आधार पर आपको कितनी मासिक सपोर्ट मिल सकती है। इस राशि को "टेबल राशि" (table amount) के रूप में भी जाना जाता है।

उदाहरण: यदि आपके दो बच्चे हैं और आप टैक्स से पहले $40,000 कमाते हैं, तो फेडरल चाइल्ड सपोर्ट दिशानिर्देशों के अनुसार आपका मासिक चाइल्ड सपोर्ट भुगतान $597 होगा।

फेडरल चाइल्ड सपोर्ट दिशानिर्देशों के लिए एक ऑनलाइन कैलकुलेटर, https://www.justice.gc.ca/eng/-fl-df/child-enfant/2017/look-rech.aspx पर पाया जा सकता है।

## मासिक राशि का उद्देश्य रोजमर्रा के खर्चों को कवर करना है जैसे कि:

- किराया
- बिल
- ग्रोसरी
- कपड़े
- स्कूल का सामान

## विशेष या असाधारण खर्चे

विशेष या असाधारण खर्चे अतिरिक्त खर्चे हैं जो टेबल राशि में शामिल नहीं हैं, जिन्हें "सेक्शन 7 खर्चे" भी कहा जाता है। भुगतानकर्ता को टेबल राशि के अतिरिक्त इन खर्चों में योगदान करने की आवश्यकता होगी।

### सेक्शन 7 खर्चों के कुछ उदाहरण हैं:

- चाइल्डकेयर फीस
- स्वास्थ्य संबंधी खर्चे, ऑर्थोडोंटिक्स, चश्मा इत्यादि
- एक्सट्राकरिक्युलर गतिविधियां
- ट्यूटर या प्राइवेट स्कूल की फीस

सेक्शन 7 खर्चा माने जाने के लिए खर्च उचित और आवश्यक होना ज़रूरी है।

## चाइल्ड सपोर्ट कैसे प्राप्त करें

1. अलगाव का समझौता(Separation Agreement) - एक जोड़ा इस बात पर सहमत हो सकता है कि चाइल्ड सपोर्ट भुगतान कितनी राशि के होगें और कितनी बार होंगे। इससे उन्हें कोर्ट की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। समझौता अभी भी अदालत के साथ फाइल किया जा सकता है ताकि उसे लागू किया जा सके।

2. कोर्ट - जोड़ा अदालती प्रक्रिया से गुजर सकता है और एक न्यायाधीश कई कारकों पर विचार करेगा। सपोर्ट भुगतानों की राशि निर्धारित करने के लिए न्यायाधीश दिशानिर्देशों का उपयोग करेगा। न्यायाधीश

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

अतिरिक्त कारकों पर भी विचार कर सकता है और भुगतानकर्ता को निर्दिष्ट दिशानिर्देशों की तुलना में अधिक या कम राशि का भुगतान करने का आदेश दे सकता है।

## मुझे कब तक चाइल्ड सपोर्ट मिल सकती है?

जब तक आपका बच्चा आश्रित है तब तक चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान किया जाना ज़रूरी है। आमतौर पर इसका मतलब है जब तक बच्चा 18 साल का नहीं हो जाता।

### एक बच्चा आश्रित नहीं है अगर:

- वे शादी कर लेते हैं, या
- वे कम से कम 16 साल के हैं और घर छोड़ने का फैसला करते हैं।

### एक बच्चा जो 18 वर्ष या उससे अधिक का है, उसे अभी भी एक आश्रित माना जा सकता है यदि:

- उनको कोई विकलांगता या बीमारी है, या
- वे फुल-टाइम स्कूल जा रहे हैं

## चाइल्ड सपोर्ट कब खत्म होती है?

- यदि कोई लिखित समझौता या न्यायालय आदेश है, तो वह निर्दिष्ट कर सकता है कि चाइल्ड सपोर्ट भुगतान कब समाप्त होगें।

- यदि कोई समय निर्दिष्ट नहीं है, तो चाइल्ड सपोर्ट तब तक जारी रहेगी जब तक कि अदालत का आदेश या समझौता बदल नहीं जाता।

## क्या होगा यदि मेरे बच्चे के माता या पिता चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान नहीं करते हैं?

यदि आपको लगता है कि अन्य माता या पिता समझौते में चाइल्ड सपोर्ट अदायगियों का भुगतान नहीं करेंगे, तो आप फैमिली रिस्पान्सबिलिटी ऑफिस (FRO) के साथ अपना समझौता रजिस्टर कर सकते हैं। FRO सपोर्ट

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

भुगतानों को लागू करेगा। एक अदालती आदेश स्वचालित रूप से FRO को भेजा जाएगा लेकिन अदालत के बाहर के समझौतों को अदालत में फाइल करने और फिर FRO के साथ रजिस्टर करने की आवश्यकता होगी।

**FRO के साथ समझौता रजिस्टर हो जाने के बाद, FRO निम्नलिखित में सक्षम हो सकता है:**

- भुगतानकर्ता के बैंक खाते से सीधे पैसा लेने में
- भुगतानकर्ता के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने में
- भुगतानकर्ता के खिलाफ अदालती केस शुरू करने में

## चाइल्ड सपोर्ट को बदलना

यदि आपकी स्थिति बदलती है, या आपके पूर्व-पार्टनर की स्थिति बदलती है, तो आपको अपने चाइल्ड सपोर्ट समझौते या आदेश में परिवर्तन करने की आवश्यकता हो सकती है।

आपका अलगाव समझौता या न्यायालय आदेश पहले से ही बता सकता है कि इन परिवर्तनों से कैसे निपटा जाए। उदाहरण के लिए, यह उन परिस्थितियों को निर्दिष्ट कर सकता है जिनमें चाइल्ड सपोर्ट समाप्त हो जाएगी। यदि ऐसा है, तो आपको नया समझौता करने या कोई अन्य न्यायालय आदेश प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

अन्यथा, यदि परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता है और आप दोनों परिवर्तनों से सहमत हैं, तो आप एक नए समझौते का मसौदा तैयार कर सकते हैं और उस पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यदि आपने पहले इसे न्यायालय और FRO के पास फाइल किया था, तो आप पिछले समझौते को बदलने के लिए एक नया समझौता फ़ाइल कर सकते हैं। अगर आप अपने मौजूदा अदालती आदेश को बदलने के लिए सहमत हैं, तो आप अदालत के पास दस्तावेज़ फाइल कर सकते हैं और अदालत से आपके नए समझौते के आधार पर आपको एक सहमति आदेश देने के लिए कह सकते हैं। यदि आप एक नया अलगाव समझौता करने या अपना आदेश बदलने के लिए सहमत नहीं हो सकते हैं, तो आप "वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR)" नामक एक प्रक्रिया के माध्यम से अदालत के बाहर अपने मामले को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं, या आप अदालत में जा सकते हैं और न्यायाधीश को परिवर्तन करने के लिए कह सकते हैं।

**किसी समझौते को अपडेट करने के सामान्य कारणों में शामिल हो सकते हैं:**

- भुगतानकर्ता के लिए आय बढ़ गई है
- भुगतानकर्ता वित्तीय कठिनाई से गुजर रहा है, जैसे नौकरी छूट जाना
- बच्चे ने पूर्णकालिक काम करना शुरू कर दिया है या शादी कर ली है
- नए विशेष या असाधारण खर्चे हैं